UT police celebrate 52nd Raising Day at Police Lines

TIMES NEWS NETWORK

Pritam Thakur

Raising Day celebrations at Police Lines in Sector 26, Chandigarh

Chandigarh: UT Police celebrated it's 52nd Raising Day at Sector 26 Police Lines on Thursday. The chief guest, UT administrator and Punjab governor V P Singh Badnore took the salute of the parading contingent.

Addressing the gathering, Badnore said, "UT police has been identified as a professional, committed, responsible and accountable police force in these years".

He said police has an important role and contribution in making City Beautiful safe. Saying that police have taken steps for security of senior citizens and women, the UT administrator appreciated UT cops for their initiative of the first automated manpower placement software in the country. The adminsitrator also laudesd the special training programme of the police for school teachers to enable them to identify early stages of drug addiction and risky behavior in students.

Police are also celebrating "Chandigarh Police Week, 2018" from November 1, 2018 to November 7, 2018. The Police Week is aimed at building close bonds with people, reducing the gap between police and public.

Times of India Dt: 02/11/2018

पुलिस स्थापना दिवस पर जवानों की परेड

सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रशासक बदनौर

जासं, चंडीगढ़ : सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाईन में वीरवार को यूटी पुलिस विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों की नौ टीमों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। इस दौरान यूटी के प्रशासक वीपी सिंह बदनौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डीजीपी संजय बेनिवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया और फिर पुलिसकर्मियों की सभी टुकड़ियों से सलामी ली।

डीएसपी उदयपाल ने परेड कमांडर का कार्यभार संभाला और सभी टुकड़ियों की कमांड करते हुए प्रशासक को सलामी दी। पुलिस विभाग में शामिल वज्र, कवच, वाटर कैनन व पुलिसकर्मियों के साइकिल स्कवायड समेत एक्टिवा व पीसीआर गाड़ियां भी परेड में शामिल रही। पंजाब के गवर्नर एवं यूटी के प्रशासक वीपी सिंह बदनौर ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था समेत यूटी पुलिस विभाग की वर्तमान और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूटी पुलिस की पहचान जिम्मेदार पुलिस बल के रूप में बताया। शहर को सुरक्षित रखने और सीनियर सिटीजन तथा महिलाओं को सुरक्षित रखने में पुलिस के प्रयासों को सराहा। उन्होंने ऑटोमेटिक परसोनल प्लेसमेंट सॉ टवेयर को विभाग का सराहनीय कदम बताया। शिक्षा विभाग की मदद से दो सौ अध्यापकों को ट्रेंड कर स्कूली छात्रों को नशे से दूर रखने की योजना को सराहा। कौशल विकास योजना के तहत पुलिस के स्किल डेवलेपमेंट कार्यक्रम शुरू करने की बात कही। जल्द स्टेट साइबर डायरेक्टरेट की स्थापना करने का भरोसा दिलाया। 520 पदों पर पुलिसकर्मियों की भर्ती नवंबर महीने में होने से विभाग को अधिक मजबूती मिलने का दावा किया। धनास में तैयार हो रहे पुलिसकर्मियों के सरकारी आवास भी उन्हें जल्द मिलने का भरोसा दिलाया। डीजपी संजय बेनिवाल ने भी विभाग की सराहना की।

पुलिस स्थापना दिवस पर वीरवार को सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते प्रशासक वीपी सिंह बदनौर, साथ में मौजूद डीजीपी संजय बेनीवाल और डीएसपी उदयपाल सिंह ●जागरण

Dainik Jagran Dt:02-11-2018

गुम हुआ महिला का बैग पुलिस को मिला, लौटाया

चंडीगढ़ : लुधियाना से चंडीगढ़ किसी काम से आई दीपिका का बैग धनास में कहीं गुम हो गया। धनास में पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान पुलिस मुलाजिमों को ये बैग लावारिस मिला। जिसके बाद पुलिस को उस बैग में मिले दस्तावेजों से महिला का नंबर मिला। पुलिस ने तुरंत उसके फोन किया और थाने में बुलाकर उनका बैग लौटा दिया गया। दीपिका ने कहा कि उनके बैग में बहुत जरूरी दस्तावेज, मोबाइल फोन व अन्य सामान था। (विवरण : अमन लूना)

दैनिक सवेरा
Fri, 02 November 2018
dainiksaveratimes.epapr.in/c/3

Date with history

Punjab Governor and UT Administrator VP Singh Badnore inspects a parade held to mark the Raising Day of the Chandigarh Police on Thursday. It was raised after the declaration of Chandigarh as UT on November 1, 1966. TRIBUNE PHOTO: MANOJ MAHAJAN

CHANDIGARH Tribune Fri, 02 November 2018
https://epaper.tribuneindia.com/c/33632835